समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली-स्टारर 'केसरी वीर' का टीज़र देखने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया : "मुझे यह बहुत प्रभावशाली लगा"

Publisher Published on 14 May 2025



## मुख्यमंत्री देवेद्रं फडणवीस बोले – "केसरी वीर सिर्फ सिनेमा नहीं, यह भारत का इतिहास है"

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बोले – "केसरी वीर सिर्फ सिनेमा नहीं, यह भारत का इतिहास है"; दर्शकों से की ऐतिहासिक ड्रामा को थिएटर में देखने की अपील

**सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, सूरज पंचोली** और **आकांक्षा शर्मा** अभिनीत फिल्म **केसरी वीर** अपने रिलीज़ के करीब पहुंच रही है। फिल्म के प्रीमियर से पहले महाराष्ट्र के **मुख्यमंत्री देवेद्रं फडणवीस** ने इस ऐतिहासिक ड्रामा को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि उन्होंने फिल्म का टीज़र देखा है और दर्शकों से बड़े पर्दे पर यह फिल्म देखने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, "केसरी वीर सिर्फ एक सिनेमा नहीं है, यह भारत का इतिहास है। 14वीं सदी ईस्वी में जो सोमनाथ युद्ध हुआ था, उसका नेतृत्व युवा और गुमनाम योद्धा वीर हमीरजी गोहिल ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए किया था। यह फिल्म उन्हीं बहादुर योद्धाओं की वीरगाथा पर आधारित है। मैंने खुद इसका टीज़र देखा है और मुझे यह बहुत प्रभावशाली लगा। यह फिल्म हमें हमारे इतिहास के प्रति सजग रहने की सख्त ज़रूरत का स्पष्ट स्मरण कराती है, और मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि वे इसे थिएटर में जाकर देखें।"

**धर्म** और **सोमनाथ मंदिर** पर आधारित यह महाकाव्य युद्ध गाथा **सुनील शेट्टी** को निडर योद्धा वेगदा जी के रूप में दिखाती है, जबकि **सूरज पंचोली वीर हमीरजी गोहिल** की भूमिका में नज़र आएंगे। उनके साथ आकांक्षा शर्मा भी राजल नाम की एक

वीरांगना के किरदार में नजर आएंगी। इस तिकड़ी का मुकाबला होता है ज़फर से, जिसे **विवेक ओबेरॉय** ने निभाया है — एक ऐसा खलनायक जो धर्म के आधार पर लोगों को जबरन धर्मांतरण के लिए मजबूर करता है।

**सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, सूरज पंचोली** और **आकांक्षा शर्मा** जैसे दमदार कलाकारों की अगुवाई वाली यह फिल्म प्रिंस धीमान द्वारा निर्देशित है और इसे कन्नू चौहान ने चौहान स्टूडियोज के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा दुनियाभर में रिलीज़ की जा रही **केसरी वीर** में एक्शन, भावना और ड्रामा का जबरदस्त संगम देखने को मिलेगा। यह फिल्म **23 मई** को वैश्विक दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/05/Kesari-veer-vidoe.mp4

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.